राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

**75वें गणतंत्र दिवस का राज्य स्तरीय समारोह**

**उत्साह, उमंग और उल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस**

# राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा एवं विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी भी समारोह में रहे उपस्थित**

जयपुर, 26 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर शुक्रवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने इसके बाद परेड का निरीक्षण किया और सलामी गारद द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट की सलामी ली। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष प्रो. वासुदेव देवनानी और अन्य गणमान्यजन भी समारोह में उपस्थित रहे।

उल्लास, उमंग और उत्साह से मनाए गए गणतंत्र दिवस पर्व में समारोह स्थल पर हाड़ीरानी महिला बटालियन, पुलिस आयुक्तालय जयपुर, जीआरपी, राजस्थान कारागार विभाग, पंजाब पुलिस, एसडीआआरएफ, तीसरी बटालियनआरएसी, बॉर्डर होमगार्ड, अरबन होमगार्ड, एनसीसी आर्मी, एयरविंग और नेवल विंग, स्काउट एवं गाइड, एमजीडी स्कूल आदि की टुकड़ियों ने परेड में हिस्सा लिया। परेड का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री निश्चय प्रसाद एम. ने किया।

समारोह में महाराष्ट्र के कलाकारों द्वारा सौंगी मुखोटों, पश्चिम बंगाल के कलाकारों द्वारा छाऊ, गुजरात के कलाकारों द्वारा डांडिया रास की प्रस्तुति हुई वहीं राजस्थान के कलाकारों द्वारा आंगी गैर, घूमर, कच्छी घोड़ी आदि के मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए। स्कूली बच्चों ने भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता के गुणगान के साथ विकसित भारत पर आधारित गीत, संगीत, नृत्य आदि प्रस्तुत किए गए। स्टेडियम में उदयपुर के विकास जानने के निर्देशन में कलाकारों ने अपनी यह प्रस्तुतियां दी। बाद में मादक पदार्थों और अन्य अपराधों से जुड़े अपराधियों को पकड़ने में पुलिस और श्वान की भूमिका दर्शाते विशेष करतब प्रदर्शन भी हुए। स्टेडियम में राजस्थान पुलिस और सेना के जवानों द्वारा घुड़सवारी के साथ शौर्य प्रदर्शन किया गया।

समारोह में एमजीडी स्कूल, भारतीय सेना और राजस्थान पुलिस के सेन्ट्रल बैण्ड ने सधे कदम–ताल में देशभक्ति गीतों संग मधुर धुनों की प्रस्तुतियां दी। राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

## राज्यपाल ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए

इससे पहले राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 75वें गणतंत्र दिवस पर सवाई मान सिंह स्टेडियम के समीप अमर जवान ज्योति पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया और मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने वहां से रखी पुस्तिका में अपनी ओर से शहीदों के प्रति शब्द कृतज्ञता भी अंकित की।

————————


CEO LA WARRIORS






RAJASTHAN
POLICE













